## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजनांदगांवः नक्सली मोर्चे में तैनात ष्ट्रक्कक्न जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली, गांव में पसरा मातम

राजनांदगांव. जिले के डोंगरगांव थानाक्षेत्र के बड़भूम निवासी जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। मृतक जवान सीआरपीएफ कोड़ागांव में पदस्थ था। जवान ने शुक्रवार को अपने सर्विस राइफल से खुद पर गोली चला कर खुदकुशी कर ली थी। जवान के पार्थिव शरीर का शनिवार को उसके गृहग्राम बड़भूम में अंतिम संस्कार किया गया। बड़भूम निवासी 43 वर्षीय भोलाशंकर साहू सीआरपीएफ में बस्तर के कोंडागांव में सिपाही के पद पर पदस्थ था। जवान भोलाशंकर ने शुक्रवार को अपने सर्विस फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। जवान के पार्थिव शरीर पहुंचते ही गांव में मातम जवान भोलाशंकर के पार्थिव शरीर को कोंडागांव से शुक्रवार की सुबह उसके पैतृक गांव बड़भूम लाया गया। पार्थिव शरीर के आते ही गांव में मातम पसर गया। वहीं उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी, पति के शव को देखकर बदहवास हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान की एक 3 साल की बच्ची है। वहीं एक छोटा भाई भी है। उसके पिता का पहले ही देहांत हो गया है।

### दोना पत्तल बनाने की कंपनी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**घंटों मशक्कत के बाद सही सलामत निकाला गया काम कर रहे मजदूरों को बाहर**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के उरला थाना अंतर्गत लक्ष्मी इंटरप्राइजेस दोना पत्तल बनाने की फैक्ट्री में आग लगने से महिला व पुरुष व बच्चे सहित कई लोगों को सीढ़ी व रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। घटना में लाखों रुपये की जमान जल गया है। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को बुलाने के बाद आग पर काबू पाया गया है।

### अखिलेश तिवारी जिलाध्यक्ष बने

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश सूचना एवं मानव अधिकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम आदित्य पाण्डेय द्वारा अखिलेश तिवारी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार अजय पाठक को वार्ड अध्यक्ष कबीर नगर, श्रीमती सरीता पितरोडा वार्ड अध्यक्ष खमतराई एवं अजय श्रीवास्तव को शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपरोक्तों की नियुक्ति होने पर गंगाधर नायक, विकास नायक, तुलेश साहू, लिलेश यादव, आर मिश्रा, सरला बंजारे, लता निषाद, विकास चौबे, नितेष पाठक, संतोष निषाद, रिजवान अली, समीरजा खान, आकाश विश्वकर्मा, सुभाष तिवारी, प्राणेश पाण्डेय, बलराम नायक, सेवक राम वर्मा, बबिता तिवारी, रामनारायण तिवारी, गिरी राज शर्मा, कमलेश श्रीवास्तव, सिध्दार्थ शर्मा, मनोज तिवारी एवं देवेन्द्र साहू ने बधाई दी है।

### असिस्टेंट कमिश्नर 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

रायपुर सीबाई ने राजधानी रायपुर में पीएफ कमिश्नर को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्ग के एक राईस मिलर को केस रफादफा करने के लिए 50 हजार रुपयों की मांग किया था। पहली किश्त लेने के दौरान ही आरोपी असिस्टेंट कमिश्नर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**यह है पूरा मामला-** दुर्ग जिले के गांव समोदा में ओम हरि कृष्ण राइस मिल है। मिल में वर्ष 2015-16 में ईएफओ की टीम ने दबिश थी। कर्मचारियों के पीएफ अकउंट नहीं होने पर कंपनी पर केस किया गया। संचालक मुकेश केसवानी और मनोहर ज्ञानचंदानी ने बताया था कि कंपनी में 6 से 7 ही कर्मचारी ऐसे हैं जो नियमित हैं। वहीं अन्य कर्मचारी ठेके पर हैं। इसलिए पीएफ की सुविधा नहीं है। जांच में टीम को दस्तावेज सही मिले तो सीज किए गए बैंक अकाउंट खोल दिए गए। इसके बाद भी संचालकों की पेशी चलती रही। कुछ दिनों पूर्व पीएफ असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश कुमार साहू ने एक व्यक्ति को संचालकों के पास भेजा और 50 हजार रुपयों में केस रफदफा कराने की बात की। आरोपी साहू से हुई बात फोन पर रिकॉर्ड कर ली गई थी जिसे शिकायत के दौरान सीबीआई को दिया गया।

### प्रोटेम स्पीकर होंगे रामपुकार सिंह, 3 जनवरी को राज्यपाल भवन में लेंगे शपथ -सूत्र

रायपुर. विधानसभा सत्र की तैयारी शुरू हो चुकी है. इसके लिए रामपुकार सिंह को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाएगा, जिसकी वे 3 जनवरी को राज्यपाल भवन में शपथ लेंगे. वहीं 4 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान वे नवनियुक्त विधायकों को शपथ दिलाएंगे.

### नान घोटाले में सीएम ने दिए नए सिरे से जांच के आदेश को पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने बदले की कार्रवाई बताया


रायपुर. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले की नए सिरे से जांच के आदेश दिए हैं। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने एसीबी से मामले की फाइल तलब की थी। बताया जा रहा है कि फाइल देखने के बाद मुख्यमंत्री ने यह आदेश दिए हैं। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, एसीबी के छापे में बरामद डायरी में बहुत से लोगों के नाम हैं, जिनसे पूछताछ ही नहीं हुई। उन्होंने कहा, जांच के लिए सबसे पूछताछ होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश को यह जानने का अधिकार है कि नान का पैसा किसके पास गया। फरवरी 2014 में एंटी करप्शन ब्यूरो व आर्थिक अपराध शाखा ने नागरिक आपूर्ति निगम के कार्यालयों-गोदामों और उनके अधिकारियों-कर्मचारियों के ठिकानों पर छापा मारकर करोड़ों की रकम पकड़ी थी। रमन सिंह ने बताया बदले की कार्रवाई दिल्ली से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे बदले की कार्रवाई बता दिया।

## किसानों का हित सरकार की पहली प्राथमिकताः भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह को सम्बोधित किया

### मुख्यमंत्री ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन किए : मंदिर परिसर में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसानों का हित राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही किसानों की कर्जमाफी और धान की खरीदी 2500 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर करने का फैसला लिया। राज्य सरकार ने किसानों की लिंकिंग की राशि लौटाकर दस दिनों में अपने वायदे को प्राथमिकता से पूरा किया। मुख्यमंत्री आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित तीर्थ मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद छिरपानी प्रांगण में आयोजित अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में डोंगरगढ़ के नागरिकों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने इसके पहले मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं



के साथ भूमि में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मां बम्लेश्वरी आशीर्वाद से प्रदेश खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। किसानों के प्रति हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। किसानों का यह अधिकार है कि उन्हें फसल का उचित मूल्य मिले। किसानों के पास बचत नहीं हो पा रही थी, इसलिए उनकी खेती पिछड़ रही थी। उपज का अच्छा मूल्य मिलने से किसानों के पास अपनी खेती में निवेश करने के लिए पूंजी आएगी और खेती की उन्नति होगी। बघेल ने कहा कि किसानों की खुशहाली से बाजार भी समृद्ध होगा और सभी वर्गों की उन्नति के लिए बेहतर परिस्थितियां तैयार होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा इस्पात संयंत्र के लिए बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा क्षेत्र में किसानों की अधिग्रहित 4200 एकड़ भूमि लौटाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे बिजली के आम उपभोक्ताओं के लिए हों अथवा किसानों, बिजली बिल आधा करने का फैसला भी राज्य शासन ने किया है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

## वाह रें मां ... जिगर के टुकड़े को फेका जंगल में, ममता को किया शर्मसार

**9 वर्षों से सूनी गोद नीलू ने बच्ची को अपनाकर पेश की मानवता की मिसाल**

फतेहपुर (आरएनएस)। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बेटी बचाव बेटी पढ़ाव के नारे को सार्थक करने और लोगों को जागरूक किये जाने के लिये करोड़ों रूपये खर्च किये जा रहे है वही लोगों के मन में आज भी बेटी को लेकर भेदभाव बरकार है जिसकी बानगी बिन्दकी थाना क्षेत्र के जाफराबाद गांव में देखने को मिली जहां नवजात बालिका को सामाजिक भेदभाव का शिकार होना पड़ा और जन्म लेने के तुरन्त बाद ही उसे परिवार द्वारा त्यागते हुए पुआलो के बीच फेक दिया गया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास के इकहट्टा हो गए और कपड़ों के ढेर



में लिपटी हुई बच्ची को उठा लिया। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी जिससे मौके पर पहुंची पुलिस बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंची और परिवार का पता लगाने की कोशिश में जुट गयी। वही लावारिस बच्ची मिलने की खबर गांव कौशल तिवारी व उनकी पत्नी नीलू तिवारीं को मिली शादी के 9 वर्ष बीतने के बाद सूनी गोद नीलू तिवारीं की ममता बच्ची के लिये मचल पड़ी और पति कौशल तिवारीं के साथ कोतवाली जा पहुंची और लावारिस बेटी को लेने की इच्छा जताई। बिना माँ बाप की बच्ची पुलिस के लिये एक चुनौती थी और एक बरसो से औलाद की चाह देख रही नीलू की इच्छाओं को देखते हुए थानाध्यक्ष द्वारा लिखा पढ़ी करने के पश्चात लावारिस बच्ची को तिवारीं दंपत्ति को सौंप दिया गया। बच्ची मिलते ही बरसो से सूनी गोद रही नीलू की आंखे खुशी से भर आयी। नीलू तिवारीं कभी बच्ची का माथा चूमती तो कभी उसे गले लगाती।

### नक्सली कमांडर हुआ गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर एक नक्सली कमांडर पांडूराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ और जिला बल के जवान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम कनकापाल, दामनकोंटा और चिउरवाड़ा की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान कनकापाल के पांडूपारा जंगल पहाड़ी के पास जवानों ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वंजाम भीमा बताते हुए खुद को पूर्व माचकोट एलओएस कमांडर होना बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह नक्सली वर्ष 2015 में बेगमाल मोड़ के आगे पुल के पास पुलिस गश्त पर पेट्रोलिंग पार्टी पर फायरिंग तथा वर्ष 2016 में ग्राम दामनकोटा के पास पुलिस गश्त पर फायरिंग की वारदात में भी शामिल रहा है।

### रात को अंधेरे में ट्रेलर चालक को घसीटते ले गई कार, मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। हिर्री क्षेत्र में रायपुर रोड पर गुरुवार की रात तेज रफ्तार कार अंधेरे में ट्रेलर चालक को 20 से 25 फीट तक घसीटते ले गई। इस



हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

हिर्री पुलिस के अनुसार मूलतः बिहार के पलामू जिले के हरिहरगंज पिपरा क्षेत्र के ग्राम धुसरवा निवासी वशिष्ठ यादव पिता सुरेश यादव (36) पेशे से चालक था। वह बिहार के औरंगाबाद से ट्रेलर लेकर निकला था। उसके साथ दूसरा चालक व उसका भाई रामाशीष यादव भी था। गुरुवार की रात करीब 8.45 बजे वह हिर्री मेन रोड स्थित अशोक लीलैंड शो रूम व वर्कशॉप के पास पहुंचा था। इस दौरान उसने ट्रेलर को सड़क किनारे खड़े किया। फिर उसके इंजन का काम कराने के लिए अशोक लीलैंड की एजेंसी गया। वहां से बात कर वह अपने ट्रेलर के पास आ रहा था।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से एक्टीवा पर बैठे मासूम की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार चालक ने एक्टीवा को जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में एक्टीवा के पीछे बैठा मासूम की मौत हो जाने पर प्रार्थी ने कोतवाली




थाने में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279,304 ए तहत 185 एम.व्ही.एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली मोहम्मद ताज 52 वर्ष पिता शेख समीर निवासी संजयनगर टिकरापारा रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रिंग रोड एक देवी लक्ष्मी अस्पताल के पास टैगोरनगर में तेज रफ्तार आई 10 कार क्रमांक सीजी 04-एचडी/7386 का चालक ने एक्टीवा क्रमांक सीजी 04-एमडी/1940 को टक्कर मार देने से एक्टीवा के पीछे बैठा मासूम मोह. जीबरान उर्फ नुमैन 4वर्ष निवासी जनता कालोनी गुढ़ियारी की मौत हो गई।

### नववर्ष 2019 में मंगलवार का संयोग

रायपुर (आरएनएस)। नववर्ष 2019 का शुभारंभ मंगलवार से ही शुरु हो रहा है और यह भी संयोग है कि समापन भी 31 दिसंबर




2019 को मंगलवार को ही होगा। प्रतिनिधि की जानकारी में इससे पूर्व मंगल का संयोग कभी नहीं देखा गया। भक्तों के लिए यह भी एक प्रसन्नतादायक पल है कि वर्ष 2019 का शुभारंभ बजरंग बली की पूजा के साथ ही शुरु होगा। वहीं समापन अवसर पर भी श्रद्धालु 31 दिसंबर 2019 को मारुतिनंदन का विधिवत पूजा अर्चन कर वर्ष 2019 को अलविदा कहेंगे।

## 9 परिवारों की दुर्दशा कर दी नक्सलियों ने और गांव से भी निकाला

जगदलपुर (आरएनएस)। दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के अंतगर्त आने वाले बारसूर थाना के तुलार व तोड़मा गांव के 9 परिवारों की नक्सलियों ने अपने दंड से उनकी दुर्दशा तो की ही वहीं इन 9 परिवारों को गांव से ही निकाल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन परिवारों के उपर इतना ही आरोप है कि उन्होंने नक्सलियों का साथ नहीं दिया और उन्हें पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया। आज यह परिवार पिछले तीन साल से दुख भुगत रहा है। लेकिन अपनी गांव नहीं जा पा रहा है। उल्लेखनीय है कि आज ये परिवार गांव से बेदखल होकर दुख भोग रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना बारसूर के तुलार, तोड़मा गांव की है। सबसे पहले तीन वर्ष पूर्व नक्सलियों ने इन्हें पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया और उन्हें गांव की सीमा के अंदर न आने का चेतावनी दी। तीन वर्ष के पश्चात जब इन परिवारों के एक युवक ने विवशतावश गांव में प्रवेश किया तो फिर से इन परिवारो को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर पुनः गांव से ही नक्सलियों ने निकाल दिया। वर्तमान में ये सभी परिवार दर-दर भटक रहे हैं। रोजी रोटी के लिए मजदूरी भी नहीं मिल रही है। यह परिवार खुद को छिपाते हुए दंतेवाड़ा के पास रह रहे हैं। 40 एकड़ जमीन के मालिक अब चंद डिसमिल जमीन व दो वक्त के भोजन के लिए तरस रहे हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के नवाचारी उद्यमियों को मिलेंगे स्टार्टअप शुरू करने के अवसर

रायपुर (आरएनएस)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. पाटील ने कहा है कि आज की शिक्षा प्रणाली में युवाओं को पढ़ाई पूरा करने के बाद रोजगार के लिए भटकना पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई के दौरान ज्ञानार्जन के साथ-साथ आजीविका उपार्जन के योग्य भी बनाया जाए। डॉ. पाटील आज यहां कृषि महाविद्यालय, रायपुर के सभागार में छत्तीसगढ़ बायोटेकनोलॉजी प्रमोशन सोसायटी द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, सेन्टर फॉर एग्री इनोवशन तथा राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं प्रबंधन अकादमी (नार्म) हैदराबाद के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास कार्यशाला ''स्टार्टअप सम्वाद'' का शुभारंभ कर रहे थे।

## जानिए क्यों बांधते हैं हाथ में कलावा, कब से चली आ रही है यह पंरपरा

शुभ काम करने से पहले हम तिलक या हाथ में कलावा बांधते हैं ये पंरपरा तब से चली आ रही है। जब से महान दानवीरों में अग्रणी महाराज बलि की अमरता के लिए वामन भगवान ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा था इसको रक्षा सूत्र के रूप में शरीर पर भी बांधा जाता है। ज्योतिष कि माने तो जब इंद्र तृत्रासुर से युद्ध करने जा रहे थे तो इंद्राणी शचि ने उनके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा था और वे विजयी भी हुए थे तभी से ये पंरपरा चली आ रही है। वही शास्त्रों में इस बारे में बताया गया है कि कलावा बांधने से त्रिदेव और तीन देवियों की कृपा बनी रहती है।



मनुष्य रहते हैं स्वस्थ शास्त्रों के अनुसार ब्रह्मा की कृपा से कीर्ति और विष्णु की कृपा से अनुकंपा और शिव दुर्गुणों का विनाश करते हैं तीन देवियों यानि लक्ष्मी से धन, मां दुर्गा से शक्ति और सरस्वती की कृपा से बुद्धि प्राप्त होती है। यदि बात वैज्ञानिय पहलू की करे तो स्वास्थ्य के अनुसार रक्षा सूत्र से कई बीमारियां दूर होती हैं। प्रमुख नियंत्रण हाथ की कलाई में होता है इसलिए यहां कलावा बांधा जाता है इससे मनुष्य स्वस्थ रहते हैं।

मंत्र का करें जाप जानकारी के लिए बता दें मौली का धागा कच्चे सूत से बांधा जाता है यह कई रंगों में होता है जैसे लाल, पीला और केसरिया। लोगों कि माने तो इसको बांधने से मनुष्य बुरी नजर से बचा रहता है। इसे बांधने वाला व्यक्ति स्वस्थ रहता है। वही रक्षा सूत्र बांधते समय मंत्र का जाप करें। अविवाहित कन्याओं और पुरुषों को दाएं हाथ में बांधा जाता है और विवाहित महिलाओं के बाएं हाथ में रक्षा सूत्र बांधी जाती है।

## घरुलू उपायों से आसानी से घटाए पेट की चर्बी

आपने अक्सर देखा होगा कई लोगों का शरीर तो फिट रहता हैं लेकिन पेट पर आने वाली चर्बी कभी कम नहीं होती और पेट की चर्बी से मोटापा ना चाह कर भी दिखने लगता हैं. जिनके पेट पर चर्बी आती हैं वे बहुत कोशिश करते हैं इसको कम करने की लेकिन नहीं हो पाती हैं. आईये हम आपको पेट की चर्बी कम करने कुछ नुस्खे बताते हैं.



सुबह के ब्रेकफास्ट में केला खाने से ऊर्जा मिलती है. दरअसल केला खाने से आपके शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है और वजन भी नहीं बढ़ता है.

इसके अलावा सुबह के नाश्ते में पोहा खाना भी फायदेमंद रहता है. इसमें कैलरीज भी ज्यादा नहीं होतीं और इसे खाने से पेट भी भरता है.

अंडे को सबसे अच्छा ब्रेकफास्ट माना जाता है क्योंकि इससे तुरंत ऊर्जा मिलती है. आप अंडे को कई तरह से खा सकते हैं, जैसे ऑमलेट बना सकते हैं. उबला अंडा खा सकते हैं. पेट की चर्बी कम करने के लिए ब्रेकफास्ट में दलिया खाया जा सकता है. गेहूं का दलिया फाइबर से भरपूर होता है. दलिया खाने से पेट भी साफ रहता है और वजन भी नहीं बढ़ता.

### आलिया भट्ट और कल्कि के साथ लिप लॉक करेंगे रणवीर सिंह!

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर गली बॉय इस वैलेंटाइन पर रिलीज होने वाली है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म प्यार के इस मौसम में प्यार का जबरदस्त तड़का लगाएगी। फिल्म मुंबई के एक रैपर के प्यार की कहानी है। खबर है कि फिल्म में रणवीर कई किसिंग सीन देने वाले हैं।



मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो गली बॉय में रणवीर न सिर्फ रैप करते हुए नजर आएंगे बल्कि दोनों फीमेल ऐक्टर्स के साथ किसिंग सीन करते हुए भी दिखाई देंगे। फिल्म में रणवीर के आलिया भट्ट और कल्कि कोचलिन के साथ लिप लॉक करने की खबर है। फिल्म में रणवीर का आलिया के साथ तीन किसिंग सीन हैं वहीं कल्कि के साथ दो लिप लॉक सीन हैं।

### महेश मांजरेकर की बेटी को लॉन्च करेंगे सलमान खान

ऐक्टर सलमान खान ने फिल्मों में कई नए चेहरों को मौका दिया है और कई नए स्टार किड्स को भी लॉन्च किया है। एक तरफ जहां वह मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल को लॉन्च करने वाले हैं, वहीं अब वह डायरेक्टर और ऐक्टर महेश मांजरेकर की बेटी को भी बॉलिवुड में लॉन्च करेंगे।



महेश मांजरेकर सलमान के साथ कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। इनमें रेडी, जय हो, बॉडीगार्ड, दबंग और दबंग 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। सलमान ने कुछ वक्त पहले महेश मांजरेकर के बेटे सत्या को लॉन्च करने का जिम्मा उठाया और अब वह उनकी बेटी अश्वामी को मौका देने जा रहे हैं।